Title Need to establish Jawahar Navodaya Vidyalaya in Tharad in Banaskantha Parliamentary Constituency-Laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): बनासकांठा गुजरात राज्य का सबसे बड़ा जिला है । इस जिले में 14 तहसील हैं और यहाँ नवोदय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बहुत अधिक है क्योंकि गुजरात में नवोदय विद्यालय संसाधनों के मामले में काफी बेहतर स्थिति में है । इसलिए मेरे मत क्षेत्र के निवासी मुझसे निरंतर मांग करते रहते हैं कि जिले में एक और नवोदय विद्यालय खुलवा दिया जाये । अभी मेरे संसदीय क्षेत्र में केवल एक नवोदय विद्यालय है और जिला बड़ा होने की वजह से एक बड़ा वर्ग नवोदय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह रहा है । इसलिए मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों की मांग है कि पहले से स्थित नवोदय विद्यालय जो दांतीवाडा मे है वो थराद से 100 किमी की दूरी पर है तो यदि थराद में नवोदय विद्यालय खोला जाये तो सरहदी क्षेत्र के निवासियों के बच्चों और यहाँ के किसानों के बच्चों को नवोदय विद्यालय का उचित लाभ मिल सकेगा ।

इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के थराद में एक नवोदय विद्यालय की स्थापना शीघ्र करवाई जाये जिससे कि शिक्षा के क्षेत्र में यह क्षेत्र आगे बढ़े और यहाँ के विद्यार्थियों को उचित लाभ मिल सके ।